संख्या-19/1501आ.न.यो./9-8-13-6आ.न.यो(बजट)/2013

प्रेषक,

उमा शंकर सिंह,
उप सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

अधिशासी अधिकारी,

नगर पालिका परिषद-भदोही, जनपद-संतरविदासनगर/ नगर पालिका परिषद-फरीदपुर, जनपद-बरेली/नगर पालिका परिषद-अहरौरा जनपद-मीरजापुर/नगर पालिका परिषद-पुखरायां/जनपद-कानपुर देहात/नगर पालिका परिषद-बिन्दकी, जनपद-फतेहपुर।

नगर विकास अनुभाग-8 लखनऊ: दिनांक 15 जनवरी, 2014

विषयः- वित्तीय वर्ष 2013-14 में आदर्श नगर योजना के अन्तर्गत अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु नगर पालिका परिषदों को अनुदान की स्वीकृति।

महोदय,

छोटे एवं मध्यम नगर, जिनकी जनसंख्या एक लाख से कम हैं, की अवस्थापना सुविधाओं यथा पेयजल, सीवरेज, ड्रेनेज, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, स्लाटर हाउस, सड़क, मार्ग प्रकाश, सार्वजनिक सुविधाओं का सृजन कर नागरिकों को गुणवत्ता पूर्ण सुविधाओं को प्रदान करने तथा नगरों/कस्बों के समेकित एवं नियोजित विकास को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से प्रदेश में आदर्श नगर योजना लागू की गयी है, जिसके संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-555/नौ-5-2008-370/2006 दिनांक 24 जनवरी, 2008 तथा कार्यालय ज्ञाप संख्या-1534/9-8-2013-423आ.न.यो./10 दिनांक 28.5.2013 द्वारा प्रभावी दिशा-निर्देशों में सरलीकरण/संशोधन के आदेश निर्गत किये गये हैं।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 में उ0 प्र0 व्यापार विकास निधि से व्यय हेतु आदर्श नगर योजना में प्रावधानित धनराशि से संलग्न सूची में अंकित विवरण के अनुसार सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरान्त 05 नगर पालिका परिषदों द्वारा उपलब्ध कराये गये डीपीआर के सापेक्ष कुल रूपये 342.88 लाख (तीन करोड़ वयालीस लाख अठासी हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की अनुमति प्रदान करते हुए उक्त के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 50 प्रतिशत की धनराशि रूपये 171.44 लाख (रूपये एक करोड इक्हतर लाख चवालीस हजार मात्र) अवमुक्त किये जाने पर निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :-

http://shasanadesh.up.nic.in

(1) निकाय को वित्तीय वर्ष 2013-14 में प्रदान की जा रही प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में स्वीकृत 50 प्रतिशत धनराशि का उपभोग कर लिए जाने की सूचना शासन को उपलब्ध कराये जाने के उपरान्त वित्तीय वर्ष 2013-14 में शेष 50 प्रतिशत धनराशि सम्बन्धित नागर निकाय को अवमुक्त की जायेगी।

(2) उक्त धनराशि कार्यालय ज्ञाप दिनांक 24 जनवरी, 2008 तथा कार्यालय ज्ञाप दिनांक 28.5.2013 में आदर्श नगर योजना के संबंध में प्रख्यापित दिशा-निर्देशों के अधीन स्वीकृत की जा रही है।

(3) स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु निकाय द्वारा प्रस्तुत बिल सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा, जिसे सम्बन्धित जनपद के मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी द्वारा निकायों के आदर्श नगर योजना के संचालन हेतु खोले गये राष्ट्रीयकृत बैंक खाते में सीधे जमा किया जायेगा।

(4) नगर विकास विभाग के अन्तर्गत डेनेज से सम्बन्धित कराए जाने वाले कार्यो के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश संख्या-3788/9-5-2012-111 बजट/2010 दिनांक 09.10.2012 की व्यवस्थानुसार नगर पालिका परिषदों द्वारा रूपये 25.00 लाख तथा नगर पंचायतों द्वारा रूपये 5.00 लाख तक के डेनेज सम्बन्धी कार्य कराये जा सकेंगे। क्रमश: इससे अधिक के डेनेज सम्बन्धित कार्य सी.एण्ड. डी.एस., उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा कराये जायेंगे।

(5) यदि शासनादेश में स्वीकृत कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित है तो सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा कि वे शासन/निदेशालय को तत्काल अवगत करायें।

(6) निदेशालय/स्थानीय निकाय द्वारा योजनान्तर्गत प्रस्तावित समयबद्ध एवं चरणबद्ध सुधारों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(7) नागर निकाय द्वारा अवस्थापना निधि/अन्य निधि से निर्मित होने वाली सडकों का निर्माण हेतु शासनादेश संख्या-2087/9-5-2013-120बजट/2013 दिनांक 07.6.2013 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(8) इस योजना के अन्तर्गत कराये गये निर्माण कार्यो में कहीं पर गुणवत्ता की कमी अथवा निर्धारित मानक के विपरीत कार्य कराये जाते हैं तो इसके लिए सम्बन्धित ठेकेदार, अवर अभियंता, अधिशासी अधिकारी, नागर निकाय के अध्यक्ष तथा प्रभारी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत बराबर के उत्तरदायी होंगे।

(9) इस योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यो में यदि गुणवत्ता खराब होने, अधोमानक होने तथा ठेकेदार की लापरवाही एवं तकनीकी त्रुटि के कारण टूटफूट होती है तो निर्माण कार्यो की पूर्णता

http://shasanadesh.up.nic.in

की तिथि से तीन वर्ष के अन्दर उसका रख-रखाव सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा किया जायेगा। इसका उल्लेख टेण्डर की शर्तो में किया जायेगा।

(10) स्वीकृत धनराशि की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति तथा प्रस्तावित सुधारों की मासिक समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा अपने स्तर पर करते हुए प्रगति विवरण प्रत्येक माह निदेशक, स्थानीय निकाय को उपलब्ध करायेंगे तथा निदेशक, स्थानीय निकाय द्वारा संकलित सूचना/प्रगति विवरण माह के प्रथम सप्ताह में शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(11) प्रस्तावित प्रायोजना की विस्तृत ड्राइंग/डिजाइन एवं तकनीकी स्वीकृति सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त ही प्रस्तावित निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाना अनिवार्य होगा। प्रस्तावित कार्य की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं में पुनरावृत्ति नहीं की जायेगी।

(12) स्वीकृत कार्यो को शासन द्वारा अनुमोदित लागत पर ही पूर्ण कराया जायेगा। शासन द्वारा स्वीकृत लागत के सापेक्ष यदि कम धनराशि अवमुक्त की गयी है, तो उक्त कार्य को योजनान्तर्गत स्वीकृत अन्य कार्यो की बचतों/निकाय द्वारा स्वयं के स्रोतों से पूर्ण कराया जायेगा।

(13) स्वीकृत कार्यो में से जिन कार्यो का निष्पादन एवं रख रखाव स्थानीय निकाय द्वारा किया जाता है, के लिये संबंधित निकाय कार्यदायी संस्था होगी।

(14) स्वीकृत किये जा रहे कार्यो के कार्य स्थल पर राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियत डिस्पले बोर्ड पर योजना का पूर्ण विवरण, कार्यदायी संस्था एवं कार्य प्रारम्भ होने तथा कार्य पूर्ण होने की सम्भावित तिथि आदि का उल्लेख किया जायेगा।

(15) स्वीकृत धनराशि अनुमोदित कार्य पर ही व्यय की जायेगी तथा स्वीकृत धनराशि का व्यवर्तन किसी भी दशा में सूची में अंकित कार्यो से अन्य किसी कार्य में नहीं किया जायेगा। सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा। स्वीकृत कार्य यदि किसी अन्य योजना में सम्मिलित है, तो प्रश्नगत धनराशि आहरण करने से पूर्व समस्त अभिलेखों सहित तत्काल शासन को समर्पित कर दी जाय।

(16) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों द्वारा किया जायेगा।

(17) वित्तीय मामलों से संबंधित विशिष्ट शर्तो का अनुपालन वित्त नियंत्रक/मुख्य/वरिष्ठ लेखाधिकारी/सहायक लेखाधिकारी अथवा लेखा का कार्य देखने वाला अन्य अधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित शर्तो में किसी प्रकार का विचलन हो तो संबंधित अधिकारी का

http://shasanadesh.up.nic.in

दायित्व होगा कि उनके द्वारा मामले की सूचना पूर्ण विवरण सहित तुरन्त प्रशासकीय विभाग तथा वित्त विभाग को दी जायेगी।

(18) आंकलित आगणनों में उल्लिखित मात्राओं को सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण दायित्व संबंधित कार्यदायी संस्था/स्थानीय निकाय/जिलाधिकारी का होगा। अतएव विभिन्न स्तर पर उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यो को समयबद्ध रूप से पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा अवधि में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

(19) इस योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्यो के पूर्ण होने के उपरान्त उसकी गुणवत्ता की चेंकिग कराकर वित्तीय वर्ष 2013-14 में स्वीकृत कुल धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन/निदेशालय/ महालेखाकार को दिनांक 31 मार्च, 2014 तक उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

3. उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2013-14 के आय-व्ययक अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत आयोजनागत लेखाशीर्षक-2217-शहरी विकास-03-छोटे तथा मध्यम श्रेणी के नगरों का समेकित विकास-192-नगर पालिकाओं/नगर पालिका परिषदों को सहायता-04-उत्तर प्रदेश व्यापार विकास निधि से व्यय-01- आदर्श नगर विकास योजना-35- पूंजीगत परिसम्पतियों के सृजन हेतु अनुदान के नामे डाला जायेगा।

4. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-8-164-दस-14, दिनांक 13 जनवरी, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

(उमा शंकर सिंह)
उप सचिव।

संख्या-19/1501(1)आ.न.यो./9-8-13 तददिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, नगर विकास विभाग।
3. सम्बन्धित मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
4. सम्बन्धित जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. सम्बन्धित कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
6. निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश।

http://shasanadesh.up.nic.in

7. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

8. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षक, उत्तर प्रदेश्, इलाहाबाद।

9. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8 एवं 9/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, 2

10. गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सेल को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु।

आज्ञा से,

(उमा शंकर सिंह)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-19/1501/नौ-आठ-2013-06आ.न.यो.(बजट)/2013 दिनांक 15 जनवरी, 2014 का संलग्नक।

क्र.	जनपद	निकाय का नाम	कार्य/मद	प्रस्तावित लागत	मूल्यांकित लागत	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि	प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त की जाने वाली धनराशि
1	संतरविदास नगर	न.पा.प. भदोही	वार्ड नम्बर-10 मोहल्ला काशीपुर में ईदगाह चहारदीवारी से इमरान के मकान तक अण्डर ग्राउण्ड नाली व इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य ।	20.88	20.88		
			वार्ड नम्बर-10 मोहल्ला काशीपुर में गुडडू के मकान से सलमान के मकान तक अण्डरग्राउण्ड नाली व इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण।	16.12	16.12		
			वार्ड नम्बर-10 मोहल्ला काशीपुर में इब्राहिम के मकान से फिरोज के मकान तक अण्डरग्राउण्ड नाली व इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण।	14.33	14.33		
			योग-		**51.33**	**50.00**	**25.00**

(उमा शंकर सिंह)

उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-19/1501/नौ-आठ-2013-06आ.न.यो.(बजट)/2013 दिनांक 15 जनवरी, 2014 का संलग्नक।

क्र.	जनपद	निकाय का नाम	कार्य/मद	प्रस्तावित लागत	मूल्यांकित लागत	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि	प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त की जाने वाली धनराशि
2	बरेली	न.पा.प. फरीदपुर	वार्ड नम्बर-17 मो0 फर्रखपुर तकिया नई बस्ती में नन्हें के मकान से पप्पू के मकान तक इण्टरलाकिंग ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।	02.18	02.18		
			लाईनपार ओसढ रोड पुत्तू लाल मौर्या के मकान से झब्बू लाल/बब्बू के प्लाट तक इण्टरलाकिंग ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।	04.40	04.40		
			वार्ड नम्बर-25 मो0 भूरे खां गौटिया में अहमद अली के मकान से रामपाल के मकान तक इण्टरलाकिंग ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।	03.38	03.38		
			वार्ड नम्बर-8 लाईनपार नूर अहमद के मकान से सज्जाद के मकान तक इण्टरलाकिंग ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।	02.10	02.10		
			सियाराम वाया बनवारी लाल से शंकर लाल यादव के मकान तक इण्टरलाकिंग ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।	04.40	04.40		
			वार्ड नम्बर-8 महेन्द्र यादव के मकान से सुधीर पण्डित जी तक इण्टरलाकिंग ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।	01.22	01.22		
			वार्ड नम्बर-24 कल्लू के मकान से मेंहदी हसन वाया मकबूल के मकान तक इण्टरलाकिंग ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।	07.89	07.89		
			रामप्रकाश के मकान से भगवान दास के मकान तक व लिंक गली में इण्टरलाकिंग ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।	02.81	02.81		
			वार्ड नम्बर-8 लाईनपार खल्लपुर रोड सुरेश प्रताप सिंह से सियाराम के मकान तक इण्टरलाकिंग ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।	04.61	04.61		
			वार्ड नम्बर-25 मो0 भूरे खां गौटिया शहशात के मकान से शफायत के मकान तक इण्टरलाकिंग ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।	0.66	0.66		
			वार्ड नम्बर-24 मो0 भूरे खां गौटिया नूर	05.74	05.74		

http://shasanadesh.up.nic.in

			हसन के मकान से मेंहदी हसन के मकान तक इण्टरलाकिंग ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।				
			वार्ड नम्बर-25 कब्रिस्तान वाया कमालुददीन के मकान से अफसर के मकान तक इण्टरलाकिंग ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।	01.66	01.66		
			वार्ड नम्बर-8 मो0 लाईनपार में अलवेले के मकान से शमशाद के मकान तक इण्टरलाकिंग ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।	03.98	03.98		
			मो0 लाईनपार खलपुर रोड नई बस्ती गुलफान सिंह के मकान से नरेश पाल सिंह के मकान तक इण्टरलाकिंग ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।	01.37	01.37		
			वार्ड नम्बर-3 मो0 फर्रखपुर रामबहादुर के मकान से इरशाद के मकान तक इण्टरलाकिंग ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।	05.15	05.15		
			वार्ड नम्बर-8 मो0 लाईनपार सर्वेश राठौर के मकान से कृष्ण कुमार यादव के मकान तक इण्टरलाकिंग ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।	05.02	05.02		
			वार्ड नम्बर-6 एस.डी.एम. कालोनी प्रेमराज के मकान से ओमप्रकाश कश्यप के मकान तक इण्टरलाकिंग ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।	03.77	03.77		
			वार्ड नम्बर-18 मो0 लाईनपार प्रदीप पण्डित के मकान से नत्थू सिंह के मकान तक इण्टरलाकिंग ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।	09.46	09.46		
			वार्ड नम्बर-18 वीरपाल से कैलाश के मकान तक इण्टरलाकिंग ब्रिक्स रोड निर्माण कार्य।	03.71	03.71		
			योग-		**73.51**	**73.00**	**36.50**

http://shasandesh.up.nic.in

(उमा शंकर सिंह)

उप सचिव।

संख्या-19/1501/नौ-आठ-2013-06आ.न.यो.(बजट)/2013 दिनांक 15 जनवरी, 2014 का संलग्नक।

क्र.	जनपद	निकाय का नाम	कार्य/मद	प्रस्तावित लागत	मूल्यांकित लागत	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि	प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त की जाने वाली धनराशि
3	मीरजापुर	न.पा.प. अहरौरा	मुहाल नई बाजार स्वीपर बस्ती में टाइलेट ब्लाक का निर्माण।	20.31	20.31		
			मुहाल पियरबा पोखरा में जुडुई मार्ग के पास पालिका भूमि पर सामुदायिक भवन निर्माण।	39.61	39.61		
			मुहाल मल्लाही टोला कुआं लालजी के मकान से मिश्र पोखरा प्रभात के खेत तक चौका मरम्मत निर्माण।	08.54	08.54		
			योग-		**68.46**	**65.00**	**32.50**
4	कानपुर देहात	न.पा.प. पुखरायां	नगर पालिका के विभिन्न वार्डो में 100 नग पी.सी.सी. पोल व डी क्लैंप, पिन इंसुलेटर स्टे वायर व एसर वीसल कन्डक्टर लगाने का कार्य।	08.57	08.57		
			वार्ड नम्बर-6 में स्वामीदीन के मकान से नेशनल हाईवे तक सी.सी. रोड के दोनों ओर फुटपाथ पर इंटरलाकिंग कार्य।	22.88	22.88		
			वार्ड नम्बर-6 में अवधेश लेखपाल के मकान से सोने लाल चिकवा के मकान तक इण्टरलाकिंग सड्क व नाली निर्माण कार्य।	10.41	10.41		
			वार्ड नम्बर-7 में रानी संखवार के मकान से मान सिंह की बाउन्डी तक इण्टरलाकिंग सडक व नाली निर्माण कार्य।	03.23	03.23		
			वार्ड नम्बर-13 में मिथलेश सिंह के मकान से वन विभाग बाउन्डी एवं करतार फौजी के मकान होते हुए लालजी यादव व बनवारी यादव तक इंटरलाकिंग सडक व नाली निर्माण कार्य।	08.31	08.31		
			वार्ड नम्बर-13 टेलीफोन एक्सचेंज गेट से पाल के मकान तक इंटरलाकिंग सडक व नाली निर्माण कार्य।	05.27	05.27		
			वार्ड नम्बर-13 में मान सिंह के मकान से ओमप्रकाश के मकान तक इंटरलाकिंग सडक व एक साइड नाली निर्माण कार्य।	08.06	08.06		
			वार्ड नम्बर-14 में कुमार इंजीनियरिंग वर्क्स से गिरजा के मकान होते हुए कृष्ण अवतार के मकान एवं संलग्न गलियों में इंटरलाकिंग सडक व नाली निर्माण कार्य।	10.42	10.42		
			योग-		**77.15**	**75.00**	**37.50**

http://shasanadesh.up.nic.in

(उमा शंकर सिंह)

उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-19/1501/नौ-आठ-2013-06आ.न.यो.(बजट)/2013 दिनांक 15 जनवरी, 2014 का संलग्नक।

क्र.	जनपद	निकाय का नाम	कार्य/मद	प्रस्तावित लागत	मूल्यांकित लागत	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति की धनराशि	प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त की जाने वाली धनराशि
5	फतेहपुर	न.पा.प. बिन्दकी	मोहल्ला महरहा रोड में आशा के मकान से सुरेश श्रीवास्तव के मकान तक नाली एवं इण्टरलाक का कार्य।	06.61	06.61		
			मो0 हजरतपुर पूर्वी ठठराही में जगदेव के मकान से राजन के मकान तक नाली एवं इण्टरलाक का निर्माण कार्य।	07.42	07.42		
			मो0 मीरखपुर में इस्माईल के मकान से नन्द किशोर के मकान तक व जय प्रकाश के मकान से वेद प्रकाश मिश्रा के मकान तक नाली एवं इण्टरलाक का निर्माण कार्य।	06.73	06.73		
			मो0 मुगलाही में मोनू सरदार के मकान से अमीर खान के मकान तक नाली एवं इण्टरलाक का निर्माण कार्य।	04.61	04.61		
			मो0 लाहौरी इशाक मिस्त्री के मकान से राज बेग के मकान तक नाली एवं इण्टरलाक का निर्माण कार्य।	04.17	04.17		
			मो0 बाजार पश्चिमी बांदा सागर रोड में राम गोपाल वर्मा के मकान से रमाकान्त तिवारी के मकान तक व रामसेवक सोनी के मकान से अशोक सिंह एडवोकेट के मकान तक नाली निर्माण।	06.61	06.61		
			मो0 बाजार दक्षिणी में बांदा सागर रोड से मंदिर परिसर तक नाली एवं इण्टरलाक का निर्माण कार्य।	03.74	03.74		
			मो0 पैगम्बरपुर पूर्वी में रमेश सोनकर के मकान से मिश्रीलाल के मकान तक नाली एवं इंटरलाक का कार्य।	11.72	11.72		
			मो0 जहानपुर में बब्लू मुन्ना के मकान के निकट शिवशरण के मकान से रामजीत के मकान होते हुए विजय के मकान एवं लिंक लेन तक नाली एवं इण्टरलाक का कार्य।	16.35	16.35		
			मो0 हजरतपुर ठठराही में विजयपाल के मकान से अरविन्द के मकान तक नाली एवं इण्टरलाक का कार्य।	06.10	06.10		
			मो0 हजरतपुर पूर्वी ठठराही में गोपाल के मकान तक नाली एवं इण्टरलाक का निर्माण कार्य।	05.82	05.82		
			योग-		**79.88**	**79.88**	**39.94**
			कुल योग-			**342.88**	**171.44**

http://shasanadesh.up.nic.in

(एक करोड इक्हतर लाख चवालीस हजार मात्र)

(उमा शंकर सिंह)

उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in